हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 29 मार्च 2025

12 समस्याओं से संबंधित 296 आवेदन मिले अधिकांश...


14 4 नई शराब दुकान खोलने के विरोध में तहसीलदार...







# मानस भवन में सुंदरकांड एवं श्रीराम कथा 30 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

श्रीराम मानस भवन मे श्रीराम चरित मानस नवान्ह पारायण सुंदरकांड एवं श्रीराम कथा का आयोजन 30 मार्च को रखा गया है। श्रीराम मानस भवन फिंगेश्वर में नवरात्रि पर्व को लेकर कलश स्थापना के साथ ही सुंदरकांड का नवान्ह परायणया पाठ श्रीराम नवमी एवं हनुमान जंयती चैत्र पूर्णिमा तक चलेगा। दूसरे पहर में रोज 3 बजे से श्रीराम कथा पंडित महेश्वर प्रसाद तिवारी के मुखारवृंद से विस्तारित होगा। नवरात्र के प्रथम दिन ही शाम 5.30 बजे से नगर पंचायत फिंगेश्वर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं पार्षदों का सम्मान समारोह होगा। श्रीराम मानस समिति के द्वारा इस कार्यक्रम को लेकर विशेष रूप से आमंत्रित किया है। उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष कुंजनलाल साहू एवं सचिव कृष्णा महराज ने दी है।

## हिंदू नवसंवत्सर 2082 की शुरूआत 30 मार्च से

**रसेला।** हिंदू नवसंवत्सर 2082 की शुरूआत 30 मार्च से होगी। इस दिन चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के साथ -साथ गुड़ी पड़वा और विक्रम संवत 2082 का आरंभ भी होगा। नववर्ष यह शुरूआत धार्मिक और ज्योतिषिय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस वर्ष हिंदू नव संवत्सर पर विशेष शुभ संयोगो का अद्वितीय संयोजन बन रहा है, जिससे यह दिन अत्यधिक फलदायी साबित होगा। नवसंवत्सर के अवसर पर गुरु और चंद्रमा की युति एक सकारात्मक योग का निर्माण करेगी, जिससे यह वर्ष समृद्धि और भाग्य का संचार करेगा। शुक्र और बुध की अनुकूल स्थिति व्यापार और व्यवसाय में प्रगति को सुनिश्चित करेगी। विक्रम संवत 2082 की शुरूआत में शश योग, गजकेसरी योग और अमृत सिद्धि योग का द्वितीय संयोग बन रहा है, जो सभी के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। मेष, सिंह तुला और मकर राशि के जातकों के लिए यह नवसंवत्सर अत्यंत शुभ रहने की संभावना है इन राशियों के लोगों को करियर, आर्थिक लाभ और पारिवरिक सुख की प्राप्ति होगी।

# ड्रिंक, ड्राइव व हाईस्पीड से तीन माह में 11 सड़क दुर्घटनाएं, 6 की गई जान

**शराब पीकर वाहन चलाया, 26 पर मामला दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

ड्रिंक-ड्राइव-हाईस्पीड के चलते क्षेत्र में विगत कुछ माह से सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में इजाफा हुआ है। रोज बड़ी तादाद में सड़क दुर्घटनाएं की खबरें सामने आ रही है। लोगों की जान असमय जा रही है। कई बार दुर्घटनाओं में निर्दोष लोगों की भी जान चली जाती है। अक्सर सड़क दुर्घटनाओं का कारण यातायात नियमों की जानकारी ना होना, वाहनों में ओवरलोड, तय गति सीमा से अधिक तेज वाहनों को चलाना, युवाओं में स्टंट बाजी, वाहन चलाते मोबाइल का उपयोग करना, बिना हेलमेट के गाड़ी चलाना होता है। किंतु इन सबके अतिरिक्त सड़क दुर्घटना का एक प्रमुख कारण ड्रिंक-ड्राइव-हाईस्पीड मतलब शराब पीकर तेज गति से गाड़ी चलाना है। अधिकतर दुर्घटनाओं के मामले में शराब का सेवन कर गाड़ी चलाने का मामला सामने आया है।

- यातायात पाठशाला कार्यक्रम के माध्यम से दी जा रही नियमों की जानकारी

राजिम टीआई अमृत लाल साहू ने बताया कि वर्ष 2025 में शराब पीकर गाड़ी चलाने के सबसे अधिक 26 मामलों में प्रकरण दर्ज की गई है। बताया कि थाना राजिम द्वारा बढ़ते सड़क हादसों को ध्यान में रखते हुए नियमित रूप से मार्गो पर वाहनों की चेकिंग एवं ▶▶| शेष पेज 13 पर



### सुंदरलाल शर्मा चौक पर रोज ट्रैफिक जाम की नौबत

राजिम के पं. सुंदरलाल शर्मा मुख्य चौक है। जहां सुबह से लेकर शाम तक आवारा मवेशियों का डेरा जमा रहता है। इसके अलावा वाहन चालकों की लापरवाही इतनी अधिक रहती है कि बीच सड़क में अपनी गाड़ी खड़ी कर कोई भी दुकान में जहां काम रहता है वहां घुस जाते हैं। ऐसे लोगों को इस बात की चिंता नहीं रहती कि बीच सड़क में गाड़ी खड़ी करने से दीगर वाहनों को कितनी परेशानी होगी? यह एक ऐसा चौक है जहां से फिंगेश्वर, महासमुंद, छुरा, गरियाबंद और रायपुर के लिए पूरा दिन बल्कि देर रात तक यात्री गाड़ियां और मालवाहक वाहन गुजरती है। ऐसा नहीं है कि इस चौक में पुलिस की ड्यूटी नहीं लगती। बावजूद बेपरवाह लोग अपनी मनमानी बेखौफ करते चलते है। बात यदि महासमुंद और गरियाबंद की ओर मुड़ने वाली सड़क का करे तो बहुत ही बुरा हाल रहता है। दुकानदार अपने दुकान के सामान और बोर्ड को सड़क तक लाकर रखते हैं। ऊपर से तुर्रा यह कि दोनों मार्ग पर चलने वाली यात्री गाड़ियां भी बीच सड़क में खड़ी कर सवारी बिठाती और उतारती हैं।

**ऑनलाइन ड्रग सप्लाई नेटवर्क का पर्दाफाश**

# आरोपियों से 590 नग नशीली टेबलेट बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद पुलिस द्वारा अवैध नशे के कारोबार पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एएनटीएफ व थाना प्रभारियों ने मिलकर एक बड़े ऑनलाइन नेटवर्क का खुलासा किया है, जो यूट्यूब और सोशल मीडिया के माध्यम से नशीली टेबलेट का प्रचार-प्रसार कर रहा था। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम नवागांव, थाना मगरलोड, जिला धमतरी निवासी भुनेश्वर साहू उर्फ राजा अवैध रूप से नशीली दवाओं की बिक्री कर रहा है। इस पर थाना पांडुका पुलिस ने 2 मार्च को आरोपी को 90 नग नशीली टेबलेट के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी भुनेश्वर साहू उर्फ राजा उम्र 19 वर्ष धारा 22(ख) एनडीपीएस ▶▶| शेष पेज 13 पर



## खबर संक्षेप



### सिंधु संस्कार की स्कूटर रैली में 2000 से अधिक महिलाएं हुईं शामिल

**रायपुर।** भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव, चेट्रीचंड्र के उपलक्ष्य में सिंधु संस्कार सेवा समिति महिला विंग ने भव्य महिला स्कूटर रैली निकाली, जिसमें 2000 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया, यह देश की सबसे बड़ी रैली का कीर्तिमान बना। सिंधु संस्कार सेवा समिति की महिला अध्यक्ष डिंपल शर्मा भावना चांदनी ने बताया, स्कूटर रैली मां वैभवलक्ष्मी मंदिर मांढर वाली माता एवं सिंधु अमरधाम चकरभाठा की भाभी मां बरखा जसूजा के सानिध्य में निकाली गई। यह रैली सिंधु पैलेस से प्रारंभ हुई, जहां शंकर नगर शांति नगर पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा सभी महिलाओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई, तत्पश्चात पंचायत के पदाधिकारी एवं मुखी गणों ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस दौरान अशोक नेनवानी, अमर गिदवानी, सचिन मेघानी, अशोक माखीजा, भारत रामानी, सतीश छुगानी, अशोक मालानी एवं विकास रूपरेला, महेश रोहरा, राजा बजाज, झामन दास बजाज एवं अन्य सभी मुखी शामिल थे, रैली बीटीआई चौक से तेलीबांधा पहुंची, जहां अजीत कुकरेजा एवं पूज्य सिंधी पंचायत तेलीबांधा द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

### डॉल्फिन सोसाइटी का निरीक्षण कचरा संग्रहण और पानी समस्या के जल्द समाधान के निर्देश



**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने गुरुवार को जोन आयुक्त और निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ डॉल्फिन ज्वेलो सोसाइटी का निरीक्षण किया। इस दौरान सोसाइटी के सचिव एस. दासगुप्ता और कुछ निवासियों के साथ डोर-टू-डोर कचरा संग्रहणऔर नगर निगम से पेयजल लाइन उपलब्धता सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। निगम आयुक्त ने संबंधित जोन आयुक्त को निर्देश दिए कि कचरा संग्रहण की समस्या का तत्काल समाधान किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में इस तरह की कोई शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पानी की समस्या को लेकर आयुक्त ने बताया कि इसकी जांच और विश्लेषण के लिए एक तकनीकी टीम नियुक्त की जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर पानी की लाइन के कनेक्शन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। विदित हो, पिछले सप्ताह डॉल्फिन सोसाइटी के प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम और जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर पानी और कचरा संग्रहण की समस्याओं से अवगत कराया था। इसी क्रम में नगर निगम आयुक्त और जोन आयुक्त ने सोसाइटी का दौरा कर स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

# 10 साल बाद नेशनल रैंकिंग में भाग लेगा एचएनएलयू, छग का एक भी विवि शीर्ष-100 में नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विवि नेशनल रैंकिंग में हिस्सेदारी की तैयारी कर रहा है। संस्थान मौजूदा वर्ष में एनआईआरएफ अर्थात नेशनल इंस्टिट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क में भाग लेगा। इस रैंकिंग के जरिए देशभर के शैक्षणिक संस्थानों की स्थिति तय की जाती है।

2015 में इसकी शुरुआत से लेकर अब तक प्रदेश का कोई भी विश्वविद्यालय शीर्ष-100 में भी अपनी जगह नहीं बना पाया है। आईआईएम, एनआईटी अपनी श्रेणियों में अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन करते रहे हैं, लेकिन ओवरऑल परफॉर्मेंस में छग सामान्यतः पीछे ही रहा है। विधि विवि अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। यदि वह इस वर्ष एनआईआरएफ में भागीदारी करता है तो यह पहली बार होगा, जब वह इसमें शामिल होगा। हालांकि विविध प्लेटफॉर्म पर विधि विवि की पृथक रूप से होने वाली रैंकिंग का एचएनएलयू हिस्सा रहा है।

एनआईआरएफ में शैक्षणिक संस्थान द्वारा छात्रों को दी जाने वाली सुविधाओं, शैक्षणिक गुणवत्ता, रिसर्च सहित अन्य बिंदुओं का निरीक्षण करने के बाद रैंक प्रदान किए जाते रहे हैं।

- 2015 में हुई थी नेशनल रैंकिंग की शुरुआत, विधि विवि अब तक बनाता रहा है दूरी
- आईआईएम, एनआईटी सहित अन्य शैक्षणिक संस्थान होते हैं प्रतिवर्ष शामिल



**हिस्सेदारी की तैयारी**

हम एनआईआरएफ में भाग लेने की तैयारी कर रहे हैं। आधी-अधूरी तैयारियों के साथ हिस्सा लेने से बेहतर है कि सभी मापदंडों में श्रेष्ठ होने के बाद इसका हिस्सा बना जाए। **-प्रो.वीसी विवेकानंदन,** कुलपति, एचएनएलयू

**एमएचआरडी करता है रैंकिंग**

2015 में एमएचआरडी (मानव संसाधन विकास मंत्रालय) द्वारा इसे शुरू किया गया था। राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों की रैंकिंग के लिए एक पद्धति है यह भारत सरकार की एक पहल है, जो उच्च शिक्षा संस्थानों का मूल्यांकन और रैंकिंग करती है। इसका उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है। यह संस्थानों को विभिन्न श्रेणियों और ज्ञान के क्षेत्रों में रैंक करता है। इसकी शुरुआत से लेकर अब तक अधिकतर प्रदेश के अधिकतर शैक्षणिक संस्थान इसका हिस्सा बनते आए हैं। पं.रविशंकर शुक्ल विवि, केंद्रीय विवि, दुर्ग विवि और प्रदेश के अन्य शासकीय विश्वविद्यालय पिछले 15 सालों में एक बार भी शीर्ष-100 में शामिल नहीं हो सके हैं। विगत कुछ वर्षों से प्रदर्शन अधिक खराब हुआ है। कई विवि शीर्ष-150 से भी बाहर हो गए हैं।

## शिविर : कलेक्टर ने कहा- शिविर में मिले आवेदनों का गंभीरता से निराकरण करें

# समस्याओं से संबंधित 296 आवेदन मिले अधिकांश का मौके पर ही किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम बम्हनीझोला कोयबा में शुक्रवार को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राजस्व, पंचायत, कृषि, क्रेडा, वन, स्वास्थ्य, पीएचई, महिला एवं बाल विकास, उद्योग, शिक्षा, आदिवासी विकास, विद्युत, श्रम, समाज कल्याण उद्योग, आयुर्वेद सहित अन्य विभागों द्वारा आमजनों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए स्टॉल लगाए गए थे। शिविर में लोगों के समस्याओं से संबंधित 296 आवेदन प्राप्त हुए। अधिकांश आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। लंबी प्रक्रियाओं वाले एवं उच्च कार्यालयों के मार्गदर्शन से संबंधित आवेदनों के निराकरण के बारे में आवेदकों को अवगत कराया गया। जिला अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को जागरूक होकर अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में बिन्द्रानवागढ़ क्षेत्र के पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी एवं गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक निखिल कुमार राखेचा, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, संजय नेताम, जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम, उपाध्यक्ष नंदकुमारी राजपूत भी शामिल हुए। शिविर में पूर्व विधायक एवं कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों ने विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को सामग्री वितरण भी किया।

**महिला कमाण्डों को दिए कीट**

इस दौरान समाज कल्याण विभाग द्वारा चार हितग्राहियों को ट्राईसाइकिल एवं एक हितग्राही को मोटराईज्ड ट्रायसिकल, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चार गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म के तहत सुपोषण किट एवं दो बच्चों अन्नप्रासन किया गया। कृषि विभाग द्वारा पांच किसानों को एग्रीस्टेक पंजीयन कार्ड, जिला प्रशासन एवं वन विभाग द्वारा साहेबिनकच्छा के 20 लोगों को टेराफिल फिल्टर एवं नौ लोगों को रिमूअल फिल्टर प्रदान किया गया एवं इंदागांव के 12 प्रशिक्षित ग्रामीण महिला कमाण्डों को कीट वितरण किया गया, जिससे कि वे गांव में नशामुक्ति के बारे में ग्रामीणों को अवगत करायेंगे। साथ ही शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों का स्वास्थ्य जांच कर दवाई वितरण किया गया।





**समस्याओं का तत्परता से किया जायेगा निराकरण**

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीणजनों की विभिन्न समस्याओं का एक ही स्थान पर त्वरित निराकरण के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज ग्राम बम्हनीझोला (कोयबा) में शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र अंतर्गत गांवों में समस्याओं से संबंधित प्राप्त शिकायतों का जिला प्रशासन द्वारा तत्परता से निराकरण किया जायेगा। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के जो लोग जिला मुख्यालय नहीं पहुंच पाते है। उन लोगों के लिए यह शिविर काफी लाभदायक है। शिविर में सभी विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित रहकर ग्रामीणजनों की मांग, समस्या एवं शिकायतों को सुनकर उनका अधिक से अधिक शिविर स्थल पर ही निराकरण करने का प्रयास करते है। कलेक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि शिविर में ग्रामीणों के मांग एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक निराकरण करें।

**समस्याओं का तेजी से हो रहा निराकरण**

पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से शिविर स्थल सहित आसपास गांवों के लोगों की विभिन्न समस्याओं का एक ही स्थान पर तेजी से निराकरण करने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम एवं लोकेशवरी नेताम ने भी शिविर को सम्बोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम मैनपुर पंकज डाहिरे, जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम, उपाध्यक्ष नंदकुमारी राजपूत, जनपद सदस्य कुमारीबाई पटेल, तपेश्वर ठाकुर, नंदिनी नेताम, कृशि अधिकारी चंदन राय, खाद्य अधिकारी सुधीर गुरू, मतस्य विभाग के अधिकारी वसिष्ट, एसडीओपी विकास पाटले, बीएमओ डॉ. गजेन्द्र ध्रुव, सीईओ श्वेता वर्मा, पंचायत इस्पेक्टर राजकुमार ध्रुवा, सुधीर चौधरी, वन परिक्षेत्र अधिकारी डीके सोनी, महिला बाल विकास अधिकारी पंचुराम ठाकुर, सहित जनपद सदस्य, सरपंच, पंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### कुत्ते और बंदर की दोस्ती ने जीता दिल

**मैनपुर।** इंसान की दोस्ती के किस्से तो दुनिया भर में जगजाहिर है लेकिन जब कोई एक जानवर दूसरे जानवर की मदद करते दिखे ऐसे नजारे बहुत कम ही देखने को मिलता है मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाइवे मार्ग पर शुक्रवार को एक कुत्ता और बंदर की दोस्ती को देखकर आने जाने वाले लोगों का दिल जीत लिया। एक कुत्ता अपने पीठ में बिठाकर बंदर को लगभग 14 किमी शहर तक ले गया जिसका आने जाने वाले लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मिडिया में वायरल कर रहे है। मिली जानकारी के अनुसार आज शुक्रवार के एक ग्रामीण परिवार अपने स्कूटी में ग्राम जोबा के आसपास से गरियाबंद की तरफ जा रहे थे उनके साथ उनके पीछे-पीछे उनके पालतू कुत्ता और कुत्ते के पीठ पर बंदर का बच्चा बैठकर जा रहा था स्कूटी पीछे कुत्ता बहुत तेजी से दौड़ लगा रहा था और कुत्ते के पीठ में बंदर बैठा हुआ बड़ा मजा लेते दिख रहा है आने जाने वाले लोगों ने स्कूटी में सवार लोगों से जब इसके बारे में जानकारी लिया तो बताया कि यह उनके पालतू कुत्ता है और बंदर का बच्चा घायल अवस्था में मिला था जिसे घर ले गये थे बंदर और कुत्ता में गहरी दोस्ती हो गई है। दोनो एक -दूसरे के साथ दिनभर खेलते है और एक ही साथ रहते है और हम जहां भी जाते है यह साथ में जाते है बहरहाल बंदर और कुत्ते की दोस्ती और यह तस्वीर सोशल मिडिया में जमकर वायरल हो रही है।



# पौनी-पसारी मार्केट में लौटी रौनक, सड़क तक पसरा लगाने वालों की अब शिफ्टिंग



**अव्यवस्था :** रायपुर व बिरगांव निगम में युवाओं की योजना का दो साल से ऐसा हाल

**पौनी पसारी के 144 चबूतरे भी दो साल से खाली, किसी में कब्जा, कहीं जम रहे नशेड़ी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आवंटन की प्रक्रिया जल्द करेंगे

बाजार शुरू करने की प्रक्रिया की गई है

पसरा वाले भी तैयार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- हरिभूमि ने उरकुरा मार्ग तक सब्जी बेचने वालों के मामले को किया था प्रकाशित

बिरगांव निगम के उरकुरा मुख्य मार्ग पर सब्जी बेचने के लिए पसरा लगाने वालों की वजह से आने-जाने वाले लोगों को रोज ट्रैफिक जाम से रूबरू होना पड़ता था, जबकि इनके लिए पौनी-पसारी के तहत बस्ती में ही बनवाए गए मार्केट में चबूतरे का आबंटन होने के बाद भी लोग जाने को तैयार नहीं थे। मामले को लेकर हरिभूमि ने खबर प्रकाशित की थी। इसे संज्ञान में लेते हुए निगम आयुक्त ने सब्जी बेचने वालों की शिफ्टिंग करवाई है।

रायपुर व बिरगांव निगम में युवाओं की योजनाओं का दो साल से ऐसा हाल..,पौनी पसारी के 144 चबूतरे भी दो साल से खाली, किसी में कब्जा, कहीं जम रहे नशेड़ी शीर्षक से हरिभूमि ने 27 जून को खबर भी प्रकाशित की थी। इसके बाद भी निगम के जिम्मेदारों ने चबूतरे का आबंटन करने के बाद फाइल दबा दी थी। नए निगम आयुक्त युगल किशोर उर्वासा के ज्वॉनिंग के बाद क्षेत्र के लोग प्रकाशित की गई खबर की कटिंग को लेकर आयुक्त के पास लगातार शिकायत दर्ज कराई। आयुक्त ने बताया कि लोगों की समस्या और समाचार में उठाए गए मामले की गंभीरता को देखते हुए जिन लोगों को चबूतरा आबंटित किया गया था।

उन सभी लोगों को पहले नोटिस जारी किया गया, उसके बाद भी लोग सड़क तक पसरा लगाते रहे। इसे देखते हुए कुछ दिनों पहले जुर्माना की कार्रवाई करते हुए मार्केट में बनवाए गए चबूतरे में शिफ्टिंग के लिए दबाव बनाते हुए व्यवस्था बहाली के लिए कार्रवाई की गई है। इससे लोगों को बड़ी राहत मिली है।

# चैंबर चुनाव में प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन, 3 जिलों में होगा मतदान

- प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष के लिए सिंगल नाम, निर्विरोध होगा निर्वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की चुनाव प्रक्रिया के तहत प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली के हस्ताक्षर से यह सूची जारी हुई। इसमें चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद के लिए सिंगल नाम आने से इन प्रमुख पदों पर निर्विरोध निर्वाचन होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली ने स्पष्ट किया है कि चूंकि 3 जिलों में मतदान होना बाकी है, इसलिए मतदान और मतगणना होने तक आचार संहिता लागू है। जिन पदों पर केवल एक-एक प्रत्याशी है, वे सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतगणना के बाद प्रमाण पत्र जारी किए जाने तक अभी भी प्रत्याशी ही हैं। इसीलिये स्वयं को निर्विरोध निर्वाचित लिखकर प्रचार-प्रसार न करें। नामांकन वापसी के बाद प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष पद के लिए केवल एक-एक प्रत्याशी है, जिनमें अध्यक्ष पद के लिए सतीश कुमार थौरानी, महामंत्री अजय भसीन और कोषाध्यक्ष के लिए निकेश बरडिया का नाम प्रत्याशी के रूप में शामिल है। इसीलिए इन पदों के लिए चुनाव नहीं होंगे और निर्विरोध निर्वाचन होगा।

सरगुजा जिला उपाध्यक्ष पद के लिए 353 मतदाता मतदान करेंगे। इस पद के लिए मुकेश कुमार अग्रवाल और अजीत अग्रवाल प्रत्याशी हैं। इसी तरह रायगढ़ जिला मंत्री पद के लिए 1171 मतदाता मतदान करेंगे। जिला मंत्री पद के लिये शक्ति अग्रवाल और भरत लाल वलेचा प्रत्याशी हैं। महासमुंद जिला उपाध्यक्ष पद के लिये 479 मतदाता मतदान करेंगे इसके लिए प्रवीण अग्रवाल और संजय अग्रवाल प्रत्याशी हैं। इसके अलावा कबीरधाम,जशपुर और गौरेला पेंड्रा मरवाही जिलों से उपाध्यक्ष एवं मंत्री पद के लिये नामांकन नहीं भरे गए हैं। इसलिये यह पद निरंक रहेंगे।

29 मार्च को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक अधिकृत प्रत्याशियों के चुनाव चिन्ह के लियेआवेदन लिया जायेगा। इसके बाद 1 अप्रैल को समय शाम 6:00 बजे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा।

- मतगणना तक लागू रहेगी आचार संहिता

*जिला रायपुर के लिए प्रत्याशियों के नाम :*
*जिला उपाध्यक्ष पद हेतुः लोकेश जैन, निलेश मूंदड़ा, शंकर बजाज, टी.श्रीनिवास रेड्डी, राज कुमार तारवानी, मनोज कुमार जैन, कन्हैयालाल गुप्ता, अशोक अग्रवाल।*
*जिला मंत्री पद के लिएः रविन्द्र सिंह चावला, अमर बरलोटा, दीपक विधानी, भरत पमनानी, राकेश वाधवानी, प्रशांत गुप्ता, कांति पटेल, आकाश धावना।*

**इन प्रत्याशियों के नाम में प्रथम जिला उपाध्यक्ष एवं द्वितीय जिला मंत्री पद के लिए है**

0 बालोद - संजोग टावरी, स्वाधीन जैन
0 मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर : पंकज जैन, संजीव कुमार ताम्रकार.
0 कांकेर- अशोक कुमार राठी, महेश कुमार भोजवानी
0 कोरबा - जगदीश सोनी, कोई प्रत्याशी नहीं
0 कोरिया-अजय कुमार गुप्ता, शैलेन्द्र शर्मा.
0 गरियाबंद- अशोक सिंह राजपूत, अरुण कुमार मिश्रा.
0 दंतेवाड़ा-ओमप्रकाश सोनी, डुंगरमल सोनी
0 दुर्ग-अशोक राठी, दीपक चोपड़ा
0 धमतरी-दिनेश कुमार रोहरा,आलोक पांडे
0 बिलासपुर- नवदीप सिंह अरोरा, अनिल वाधवानी
0 बेमेतरा- केशव दास मोटवानी, चंदन सोनी
0 बलोदा बाजार- भाटापारा,श्रीचंद छाबडिया, सुभाष भट्टर
0 जिला भिलाई,चैंबर जिला- अनिल अग्रवाल,मनोहर कृष्णानी
0 मुंगेली- प्रेम आर्य,प्रवीण वैष्णव.
0 राजनांदगांव-आलोक बिन्दल, तरुण लहरवानी.
0 जांजगीर- चांपाः- विशाल केडिया, जीतेन्द्र कुमार चंद्राकर.
0 सक्तीः- शंकरलाल अग्रवाल, दिनेश शर्मा.
0 सारंगढ़ -बिलाईग- मुकेश कुमार अग्रवाल, कोई प्रत्याशी नहीं.
0 सूरजपुर- अशोक कुमार अग्रवाल, रौनक जैन।

## फणीकेश्वर महाविद्यालय में मशरूम उत्पादन की दी जानकारी

# मशरूम भविष्य का आहार है, करें खेती : डॉ. कोसरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर





फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय में मशरूम उत्पादन पर अतिथि व्याख्यान एवं व्यवहारिक ज्ञान के लिए कृषि महाविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण सपंन्न हुआ। फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर के वनस्पति शास्त्र विभाग के तत्वाधान में अतिथि व्याख्यान तथा शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अशोक कोसरिया, सहायक प्राध्यापक, पादप रोग विभाग, कृषि महा विद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, आईजी केवि फिंगेश्वर आमंत्रित थे। अतिथि व्याख्यान का मुख्य विषय खाने योग्य मशरूम बटन व ओयस्टर मशरूम तथा उनकी खेती था। महाविद्यालय की प्राचार्य श्वेता मिश्रा के आशीर्वचन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। डॉ. अशोक कोसरिया ने अपने व्याख्यान की शुरुआत वर्तमान समय में भारत तथा वैश्विक स्तर पर खाद्यान्न संकट एवं उसके निदान के लिए वैकल्पिक उपायों पर चिंतन के साथ छात्रों के मध्य मशरूम खेती के महत्व पर अपने वक्तव्य की प्रस्तावना के साथ किया। उन्होंने मशरूम के न्यूट्रीशनल वैल्यू तथा पोषण में भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मशरूम भविष्य का आहार है। मशरूम कि विभिन्न प्रकारों में से खाने योग्य मशरूम जैसे बटन, ओएस्टर, मिल्की,पैरा तथा अन्य मशरूम के घरेलू तथा व्यावसायिक उत्पादन के विभिन्न चरण जैसे कवक का शुद्ध कल्चर, मदर कल्चर, स्पॉन निर्माण, कल्चर निर्माण, उपचार, आधार तैयार करना एवं स्पॉन का पूर्ण विकसित मशरूम में रूपांतरण को पीपीटी के माध्यम से प्रदर्शित किया। मशरूम उत्पादन के लिए उपयुक्त तापमान तथा अन्य वायुवीय अनुकूलता के विषय में जानकारी दी गई।डॉ. अशोक कोसरिया द्वारा मशरूम खेती को एक कौशल के रूप में अपनाने की अपील की गई। मशरूम खेती न्यूनतम लागत पर अधिक आय देने वाली व्यवसाय है, जिसकी मांग न केवल स्थानीय स्तर पर अपितु वैश्विक स्तर पर भी है।

डॉ. कोसरिया ने बताया कि मशरूम विभिन्न प्रकार के कृषि अपशिष्ट पदार्थों के अपघटन तथा उन्हे खाद के रूप में उपयोगी बनाने में भी योगदान देता है। छात्र-छात्राओं ने मशरूम उत्पादन के दौरान उपयोग में आने वाले विभिन्न उपकरण जैसे लेमिनार एयरफ्लो, इन्क्यूबेटर, ऑटोक्लेव आदि के विषय में भी जानकारी प्राप्त की। डॉ. कोसरिया ने शासन द्वारा मशरूम खेती के लिए दिए जाने वाले प्रावधानों की भी जानकारी छात्र-छात्राओं को दी। व्याख्यान के लिए निर्धारित विषयांश, बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के वनस्पति शास्त्र विषय में समाहित है। उक्त व्याख्यान में 130 छात्र-छात्राएं लाभान्वित हुए। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक रितेश गोलछा, कमलेश्वर प्रसाद निषाद, तीरथ राम कपूर, कुमारी उर्वशी चंद्राकर, अंजलि देवांगन, आदिल अहमद, देवेन्द्र पटेल, सतप्रीत सिंह गुरूदत्ता, कुमारी देवश्री कुर्रे, कुमारी दविंदर कौर, डॉ. मोहन सिंह, ममता देवांगन तथा डॉ. भूलेश्वरी साहू उपस्थित थे।

# हमें अनाथ करने वालों को दें फांसी मेरे सामने की गई थी बेटे की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- पत्रकारवार्ता में माता-पिता व बहन ने सुनाई व्यथा, की मांग

शहर में नशेड़ियों का हौसला इस कदर बुलंद है कि वे पुलिस से भी नहीं डरते। न्यू चंगोराभाठा स्थित शिव मंदिर के पास रोज गांजा पीने के लिए जमा होने वाले नशेड़ियों को मेरा बेटा सचिन बडोले मंदिर के पास नशाखोरी करने से मना करता था। यह कोई अपराध तो नहीं है, लेकिन आरोपियों ने मेरी आंखों के सामने ही 30 दिसंबर को बेटे सचिन और उसके दोस्त कृष्णा यादव के सिर पर पत्थर पटकर हत्या करके हमें बुढ़ापे में अनाथ कर दिया।

राजधानी में इस तरह की घटना दोबारा न हो, अपराधियों में खौफ पैदा हो इसलिए आरोपियों को न्यायलय फांसी की सजा दे, यही मांग पत्रकार वार्ता के माध्यम से करने के लिए आया हूं। गुरुवार को यह गुहार पीड़ित पिता धनराज, मां चन्द्रलेखा और बहन सपना बडोले ने वार्ता के माध्यम से लगाई। न्यायालय से अपील किया कि मै हार्ट पेशेंट और पत्नी लकवा पीड़ित है। दोनों बेटियां भी शारीरिक रूप से कमजोर हैं। ऐसी स्थिति में सचिन परिवार का इकलौता सहारा था। 70 की उम्र में हमें बेसहारा करने वालों को फांसी की सजा दी जाए। ताकि जो पीड़ा हमें हो रही है। उस तरह की स्थिति किसी अपराधी की वजह से शहर के किसी दूसरे माता-पिता और परिवार को न देखना पड़े। हत्या करने वालों को फांसी की सजा मिलने से दूसरे अपराधियों में भय की स्थिति बने, हमारी यही मंशा है।

## खबर संक्षेप

### अभनपुर पालिका अध्यक्ष ने विभागों का प्रभार सौंपा

**अभनपुर।** नगर पालिका अध्यक्ष के द्वारा प्रेसीडेन्ट इन कांउसिंग के विभाग मे पार्षदो को प्रभार दिया गया है,श्रीमति सुशीला हरवंश को आवास पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग,श्रीमति महेश्वरी वैष्णव जल कार्य विभाग,उपाध्यक्ष बलविंदर सिंह गांधी को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग,बीरबल दास टंडन बाजार तथा राजस्व विभाग,डोमेन्द्र साहू खाद्य नागरिक आपूर्ति,पुर्नवास तथा नियोजन विभाग,श्रीमति दीक्षा राठी शिक्षा,महिला तथा बाल कल्याण विभाग,बीरेन्द्र प्रताप सिन्हा को विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग मिला है।

## निधन

### आसीन बाई ध्रुव



**मैनपुर।** बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव की माता आसीन बाई ध्रुव का निधन 28 मार्च को छुरा में हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार 29 मार्च शनिवार को ग्राम खैरवारी जिला बलौदाबाजार में किया जावेगा।

### समस्या : आए दिन हो रही दुर्घटना से पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड पर

# शहर के अंदर दौड़ रही तेज रफ्तार गाड़ियां बस चालक बीच सड़क पर उतार रहे सवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा शहर में ट्रेफिक की बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। सड़के जितनी चौड़ी होती जा रही है लोग उतने ही लापरवाह होते जा रहे है। आए दिन घटना-दुर्घटना हो रही है जिसमें लोगों की जानें जा रही है। हाथ-पैर टुट रहे है बावजूद सबक लेने का नाम नहीं ले रहे है। सूत्रों की माने तो आने वाले कुछ ही दिनो में मेन रोड की सड़कों पर प्रशासनिक अमला का तेवर नजर आने वाला है। गुरुवार को हुई दुर्घटना से पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड में है। देर रात तक पुलिस और प्रशासनिक अफसरों के बीच इस पर सुधार के लिए मंथन हुआ है। बता दें कि इस शहर में लोग जैसे पाए वैसे अपनी गाड़ियां तेज रफ्तार में दौड़ा रहे हैं। अचानक बिना एंडीकेटर या हाथ दिखाए कहीं भी मोड़ देते है। सड़क के बीचों-बीच गाड़ी खड़ी कर देते है। लंबी रूट की बसें सवारी उतारने-चढ़ाने के दौरान अपनी गाड़ी किनारे लगाने की बजाए बीच रोड में खड़ी कर सवारी उतारते-चढ़ाते है।



### सुगम यातायात के लिए बनाएंगे व्यवस्था : एसडीएम

एसडीएम रवि सिंग ने बताया कि शहर में बढ़ती घटना-दुर्घटना को देखते हुए सड़क पे लगाए जा रहे पसरा और दुकानो को किनारे में सुरक्षित किया जाएगा। आने वाले कुछ ही दिनो में लोक निर्माण विभाग,नगर पालिका और पुलिस प्रशासन के संयुक्त सहयोग से इसे ठीक किया जाएगा ताकि आकस्मिक घटना-दुर्घटनाओं को टाला जा सके।

### टर्निंग प्वाइंटों पर दौड़ती है तेज रफ्तार गाड़ियां

शहर के संवेदनशील चौक-चौराहों पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक, नगर पालिका तिराहा, गंज रोड में सोमवारी बाजार तिराहा, महानदी पुल के पहले इंदिरा मार्केट-पारागांव क्रासिंग रोड, मैडम चौक तिराहा, चंपारण चौक तिराहा और छांटा मार्ग को जाना जाता है जहां हर पल घटना-दुर्घटना होने की संभावना बनी होती है। बावजूद लोग इन टर्निंग प्वाइंटो में हाईस्पीड गाड़ी दौड़ाते है। खुद के जान को सांसत में डालते है बल्कि अगले के जान के लिए भी खतरा बने होते है। शहर के अधिकतर लोग इस पर यही सोचते है कि लापरवाह लोगों के ऊपर प्रशासन और पुलिस का सख्ती हो तभी सुधार आ पाएगा नहीं तो घटना-दुर्घटनाएं होती रहेगी और लोगों की अकाल मौत का सिलसिला चलता रहेगा।

### शहर में सख्ती के साथ ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने की जरूरत

नवापारा शहर में ट्रेफिक व्यवस्था को सख्ती के साथ सुधारने की जरूरत है। शहर के भीतर जिस रोड पर भी देखो छोटी-बड़ी गाड़ियां अपनी मनमर्जी से दौड़ रही है, जिसके चलते हर पल दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। कई दफा तो देखने में आता है कि 15-16 साल के लड़के बेधड़क खटारा ट्रकों, हाईवा, मेटाडोर, मिनीडोर और ट्रेक्टर जैसे भारी भरकम वाहनों को दौड़ाते चलते हैं। इन्हें ट्रेफिक का कोई ज्ञान भी नहीं होता। जिधर जाएं, उधर घुसाकर गाड़ी निकाल लेते हैं, खासतौर से पं. दीनदयाल उपाध्याय तिराहे से निकलने वाली अधिकांश गाड़ियां रांग साईड से आती-जाती है। इस दौरान शेख चिल्ली किस्म के ड्राईवर तेज आवाज में कर्कश हॉर्न बजाते हुए निकलते हैं। उल्लेखनीय है कि शहर के हर प्रमुख चौराहों-तिराहों सहित कई प्वाइंटों पर आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। खासकर गंज रोड एवं सदर रोड इस समस्या से अधिक प्रभावित रहता है। यही हालात राजिम-रायपुर मार्ग के बीच मैडम चौक व इंदिरा मार्केट टर्निंग का है। जहां दिन भर भारी वाहनें जहां-तहां खड़ी रहती हैं। यहां सड़क सुरक्षा पर लोग ध्यान नहीं देते। जिससे राह चलते लोगों और बड़ी गाड़ियों को चलने में असुविधा होती है।

# शीतला मंदिर में टीन शेड निर्माण का वादा पूरा किया : लुकेश्वरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर पंचायत की सामान्य सभा बैठक में 2025-26 का बजट पारित किया गया। बैठक में विधायक प्रतिनिधि मान सिंह निषाद, नगर पंचायत उपाध्यक्ष समीम खान, पार्षद बलराज पटेल, रजनी लहरे, चित्ररेखा ध्रुव, संगीता दीक्षित, गरिमाध्रुव, सलीम मेमन, पंचराम टंडन, हरीश यादव, शांतनु देवांगन, देवसिंह नेताम, मोहम्मद यामीन, दीप्ति यादव, रामजी दीवान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी लालसिंह मरकाम की उपस्थिति में 8 करोड़ 36 लाख रुपए का अनुमान लगाया गया एवं अनुमानित व्यय 8 करोड़ 35 लाख है। नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने बताया कि हमने वादा किया था कि जीतने के बाद हम सर्व प्रथम नगर की अधिष्ठात्री देवी मां शीतला मंदिर के प्रांगण में टीना शेड का निर्माण करेंगे उस वादे को पूरा करते हुए हमने सामान्य सभा की पहले बैठक के पहले ही एजेंडे में इस निर्णय को पास करके वादे को पूरा किया। अध्यक्ष ने कहा कि नगर पंचायत के अब तक के बजट में से सबसे अधिक राशि का बजट है। इसमें पारित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास रहेगा। 28 मार्च को बैठक में सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया। जिसमें सिटी डेवलपमेंट प्लॉन के साथ अन्य विषयों पर चर्चा एवं निर्णय हुआ। बैठक में पीआईसी का गठन बलराज पटेल सभापति आवास पर्यावरण, लोक जल कार्य विभाग, भोलेशंकर जायसवाल पुनर्वास नियोजन, विधि, सामान्य प्रशासन, रजनी लहरे शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण, चित्ररेखा ध्रुव राजस्व एवं बाजार विभाग, गरिमाध्रुव स्वास्थ्य, चिकित्सा, खादय नागरिक आपूर्ति है।

# अधिकारीगण समस्याओं का करें निराकरण : पार्षद

**अभनपुर।** नगर पालिका अभनपुर की पार्षद श्रीमती दीक्षा राठी ने वार्ड क्रंमाक 14 की प्रमुख समस्यो को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लिखित ज्ञापन देकर समस्याओ का तत्काल निराकरण करने कहा गया। अभनुपर नगर के ह्दय स्थल बस स्टैण्ड वार्ड नंबर 14 क्षेत्र मे आता है जिसमे यात्रियो को प्रतिक्षालय,लाइट, महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट, सुलभ शौचालय की सफाई व्यवस्था एवं गंदे पानी की निकासी, चौक मे हाई मास्क लाईट, सुबह और शाम दो बार सफाई व्यवस्था,लाल बहादुर शास्त्री जी के नाम का तिराहा पुनः उन्ही के नाम से चबूतरा निर्माण कर इस चौक को संरक्षित करना, बस स्टैंड में 24 घंटे पेयजल की व्यवस्था, निगरानी कैमरा लगाने,नल कलेक्शन की लीकेज पाईप को सुधार करने,बकाया कर की वसूली,अवैध निर्माण कार्यो पर रोक लगाने,अवैध रूप से लगे होर्डिग को निकालने,मुख्य सडक़ से लगे अवैध निर्माण को हटाने आदि प्रमुख विषयो को लेकर नगर पालिका अधिकारी से पार्षद दिक्षा राठी,पार्षद नीलकमल गिलहरे,योगेश राठी,राजकुमार शर्मा,मयंक गुप्ता,अनुज शर्मा,सुमित तंबोली आदि प्रतिनिधियो ने सीएमओ से चर्चा कर इस सभी समस्याओ का तत्काल कार्यवाही करने की मांग किया गया।



# 30 मार्च से चैत्र नवरात्रि आरंभ, हिंदू नववर्ष एवं चेट्री चंड जयंती भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

वैदिक पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिप्रदा तिथि से चैत्र नवरात्र शुरूआत हो रही है। इस बार चैत्र नवरात्र 30 मार्च से शुरू होकर 6 अप्रैल को खत्म होंगे। इस दौरान मां दुर्गा के नव रूपों की पूजा अर्चना करने का विधान है। इस बार नवरात्रि 8 दिन की है। चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन हिन्दू नववर्ष मनाया जाता है। पौराणिक मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु ने श्रृष्टि की रचना की थी एवं चैत्र के प्रथम दिन भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक हुआ था। राजिम के मां महामाया मंदिर में नवरात्र की तैयारी पूरी कर ली गई है। मंदिर का रंग रोगन का कार्य पूर्ण हो गया है। अब तक 600 से अधिक श्रद्धालुओं के नाम मनोकामना ज्योति प्रज्वलित करवाने के लिए आए है। मंदिर में लाइट झालर लगाने का काम पूर्णतया की ओर है। शीतला मंदिर राजिम में नवरात्र के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है। नवापारा में शीतला मंदिर में भी मां शीतला एवं मौली माता विराजमान है। मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित करने एवं आवश्यक सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। राजिम में महामाया मंदिर, शीतला मंदिर एवं नवापारा के मौली माता मंदिर, शीतला मंदिर, काली मंदिर, संतोषी मंदिर,परमेश्वरी मंदिर सहित सभी आदिशक्ति मंदिरों में नवरात्र की तैयारियां चल रही है। नवापारा शहर के सुप्रसिद्ध मां काली माता के मंदिर में नवरात्र की तैयारी चल रही है यह जानकारी देते हुए अध्यक्ष मेघनाथ साहू ने बताया कि 30 मार्च रविवार को दोपहर 1:30 से शाम 4:30 बजे के बीच ज्योति प्रज्जवलित एवं घट स्थापना की जाएगी। 2 अप्रेल को पंचमी एवं 5 अप्रेल को अष्टमी का हवन होगा। 6 अप्रैल को रामनवमी एवं सुबह 9 बजे से कुंवारी कन्या को भोज कराया जाएगा।



### धूमधाम से मनाई जाएगी चेट्री चंड जयंती

30 मार्च को भगवान झूलेलाल की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। जिसके लिए नवापारा एवं राजिम सिंधी समाज द्वारा तैयारियां की जा रही है। नवापारा नगर के गंज रोड में प्रतिष्ठानों को लाइट एवं झालर से सजाया जा रहा है। इस दिन झूलेलाल भगवान का जन्म दिवस मनाया जाता है। भगवान झूलेलाल सिंधियों के प्रमुख संरक्षक संत एवं ईष्ट देवता हैं। चेट्रीचंड का पर्व चैत्र माह के शुक्ल पक्ष के दूसरे दिन मनाया जाता है। ज्यादातर इस पर्व को गुड़ी पड़वा के एक दिन बाद मनाया जाता है चेट्री माह में चंद्रमा के प्रथम दर्शन के कारण इस दिन को चेट्री चंड के रूप में मनाया जाता है। सिंधी समाज के लोग भगवान झूलेलाल को जल देवता के अवतार के तौर पर मानते हैं।

# गर्मी की दस्तक से बढ़ी देशी फ्रिज की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

अंचल सहित क्षेत्रों में गर्मी की एंट्री अब धीरे-धीरे हो चुकी है। प्रदेश के कई इलाकों में अधिकतम तापमान का असर भी देखने को मिल रहा है। वहीं दोपहर की धूप अभी से चूभने लगी है। अब ऐसे बढ़ती गर्मी में लोगों को देसी फ्रिज की याद आ ही जाती है, जिस तरह से लगातार तापमान बढ़ता जा रहा है। वैसे ही लोगों का रूख देसी फ्रिज की ओर हो रहा है। गर्मी की एंट्री होते ही लोग परेशान नजर आने लगे हैं। इस देखते हुए देसी फ्रिज यानी मटके पर सभी की निगाहें टिक गई है। यहां आसपास के सप्ताहिक बाजारों में कुम्हार मटके बनाकर बाजार में लेकर बेच रहे हैं। रसेला के कृष्णा लाल चक्रकार ने बताया कि पिछले वर्ष भी छोटे साइज का मटका 50 से 80 रूपए बड़े साइज का मटका 100 से 150 रुपए में बिक्री की गई थी। इस वर्ष भी मटके के कीमत पर कोई इजाफा नहीं किया गया है। पिछले वर्ष की रेट पर ही बेचा जा रहा है। जानकारों ने बताया कि मिट्टी से बने इन घडो के पोर या रंध्र की वजह से वाष्पीकरण की प्रक्रिया लगातार होती रहती है, जिससे पानी ठंडा रहता है। चक्रकार ने बताया कि पहले मिट्टी को लाया जाता है और उसे पानी में भिगोकर नरम किया जाता है। फिर इसे अच्छी तरह छाना जाता है ताकि कोई कंकड़ या गंदगी न रहे। जब मिट्टी सही रूप से तैयार हो जाती है, तब उससे मटके, सुराहियां और अन्य मिट्टी के बर्तन बनाए जाते हैं। मटके तैयार होने के बाद इन्हें आस-पास सप्ताहिक बाजारों में बेचा जाता है। ग्रामीण चिकित्सा सहायक डॉ प्रज्ञेश देवांगन के अनुसार मटके का पानी स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है।

### मटके का पानी फ्रिज की तुलना में रहता है कम ठंडा



फ्रिज का अधिक ठंडा पानी पीने से गले में खराश हो सकती है। ये नुकसान दायक है। मटके का पानी फ्रिज के पानी की तुलना में कम ठंडा रहता है। चिलचिलाती गर्मी में सूखे कंठ को तर करने घडों का शीतल जल मिल जाए तो क्या कहना। गर्मी के इस मौसम में ठंडे पानी के लिए मटकों से बेहतर कोई उपाय नहीं है। जैसे जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है, वैसे वैसे मटकों की मांग भी बढ़ रही है। जानवरों के लिए भी पानी की व्यवस्था जरूरी गर्मी में पानी को अमृत के समान माना जाता है, मनुष्य को प्यास लगती है तो वह कही भी मांग कर पी लेता है, लेकिन मुक पशु पक्षियों को प्यास में तड़पना पड़ता है, हालांकि जब वे प्यास होते हैं तो घरों के सामने दरवाजे पर आकर खड़े हो जाते हैं। कुछ लोग पानी पिला देते हैं तो कुछ लोग भगा भी देते हैं। वैसे हर साल बाजार में प्याऊ खोला जाता है। परंतु जानवरों के लिए पानी की कहानी पर कोई व्यवस्था नहीं दिखाई दे रही है। लोगों का कहना है कि जानवरों के लिए नदी नाले पर गड्ढे खोदकर पानी पिलाने के लिए व्यवस्था होनी चाहिए।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी फिंगेश्वर जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/Q/तह./रीडर/2024

फिंगेश्वर, दिनांक 17/03/2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मन्नु राम विश्वकर्मा पिता गैंदराम विश्वकर्मा जाति लोहार निवासी बहेरापाल प.ह.नं. 18 रा.नि.मं. फिंगेश्वर तहसील-फिंगेश्वर जिला गरियाबंद (छ.ग.) ने इस न्यायालय में आवेदन पेश कर अपने पिता गैंदराम विश्वकर्मा पिता भगतराम की मृत्यु दिनांक 28/09/2024 को ग्राम बहेरापाल में हुआ है। जिसकी मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया है। जिसका नियत तिथि 30/03/2025 को नियत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 30/03/2025 तक उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 17/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के शील मोहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी फिंगेश्वर

## पेज 11 के शेष...

### ड्रिंक, ड्राइव, हाईस्पीड...

जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वर्ष 2025 में अब तक बिना लाइसेंस के वाहन चलाने के 3 प्रकरण, तीन सवारी के 10 प्रकरण, यातायात नियमों के उल्लंघन के 4 प्रकरण दर्ज है। साल 2025 के प्रारंभ से अब तक 11 सड़क दुर्घटना में 6 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। गरियाबंद जिला पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात सुरक्षा एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात पाठशाला नामक जनजागरूकता कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। जिसमें पुलिस प्रशासन द्वारा शिविर लगाकर वाहन चालकों को 25 प्रश्नों के माध्यम से यातायात नियमों से अवगत कराया जा रहा है। यातायात पाठशाला कार्यक्रम न केवल वाहन चालकों के लिए बल्कि आम लोगों को भी यातायात नियमों की जानकारी के लिए मददगार साबित हो रहा है। यातायात पाठशाला कार्यक्रम सड़क दुर्घटना रोकने में मील का पत्थर साबित होगा।

### आरोपियों से 590...

एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। भुनेश्वर साहू से पूछताछ के दौरान पता चला कि उसे नशीली टेबलेट लक्की कुमार (बिहार) द्वारा सप्लाई की जाती थी। लक्की कुमार सोशल मीडिया के माध्यम से अपना मोबाइल नंबर शेयर कर लोगों से संपर्क करता था और फिर कुरियर के जरिए नशीली टेबलेट की आपूर्ति करता था। लक्की कुमार उम्र 24 वर्ष, पटना, बिहार के खिलाफ धारा 22(ख), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को पता चला कि रायपुर निवासी निखिल फुले भी बिहार से नशीली टेबलेट मंगवाकर सप्लाई कर रहा था। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने साइबर सेल और मुखबिर की मदद से पीयूष गोस्वामी (खरियार रोड, ओडिशा) को 240 नग नशीली टेबलेट के साथ गिरफ्तार किया।

पीयूष गोस्वामी से पूछताछ में पता चला कि उसे निखिल फुले (रायपुर) द्वारा नशीली टेबलेट खपाने के लिए राजिम बुलाया गया था। इसके बाद पुलिस टीम ने रायपुर निवासी निखिल फुले को गिरफ्तार कर लिया, जिसके पास से 350 नग नशीली टेबलेट व एक धारदार चाकू बरामद हुआ। पीयूष गोस्वामी उम्र 19 वर्ष, खरियार रोड, ओडिशा 240 नग नशीली टेबलेट निखिल फुले उम्र 20 वर्ष, रायपुर 350 नग नशीली टेबलेट व चाकू बरामद किया गया है।



## खबर संक्षेप

### भास्कर ध्रुव का नवोदय में चयन



**मैनपुर।** छात्र भास्कर ध्रुव का जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चयन हुआ है। वनरक्षक गुंजा ध्रुव परिसर रक्षी दशपुर और वनरक्षक लाकेश्वर ध्रुव परिसर रक्षी गुजरा के जेष्ठ सुपुत्र भास्कर ध्रुव का चयन राष्ट्रीय स्तर पर घोषित जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रवेश के लिए प्रवीण सूची में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कक्षा 6वी में प्रवेश के लिए प्रवीण सूची में 18रैंक प्राप्त किया है। सफलता प्राप्त का श्रेय अपने माताजी और पिताजी के साथ- साथ अपने मार्गदर्शक उप वन मंडलाधिकारी राजेंद्र सोरी, मनोज चंद्राकर और अपने गुरुजनों को दिया है।

### रोली कुंजाम का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन



**मैनपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर धवलपुर की छात्र रोली कुंजाम पिता लखनलाल कुंजाम माता दुलेश्वरी कुंजाम का जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चयन हुआ है। यह विद्यालय की होनहार छात्र है उनके चयन होने पर विद्यालय परिवार द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

### सिद्धि माता कर्राबाधिन में चैत्र नवरात्रि 30 से 6 तक

**छुईहा बेलर।** आदिशक्ति मां दुर्गा स्वरूप कर्रावाधिन मंदिर में चैत्र नवरात्री के मंगलमयी अवसर पर ज्योति कलश स्थापना का कार्यक्रम महामण्डलेश्वर संत सिया गोवर्धन शरण महाराज जी सिरकटी आश्रम श्री भगत बाा गिरीराज परेवाडीह वाले के मार्गदर्शन में 30 मार्च से 6 अप्रैल तक आयोजित है। इस बिच धार्मिक अनुष्ठान एंव पुजा अर्चना का आयोजन होंगे इनके संचालन के लिए समस्त सेवा समिति पांच गांव जोगीडिया, बोड़की, फुलझर, चरौदा, चरमट्टी है। समीति सदस्य वेदराम साहू, भूलू सेन ने कहा की समीति ज्योति स्थापना, 2 अप्रैल माता श्रृंगार पंचमी, 5 अप्रैल को अष्टमी हवन पूजन होंगे।

### चैत्र नवरात्र को लेकर तैयारी अंतिम चरण में

**नर्रा।** चैत्र नवरात्र पर क्षेत्र के शीतला मंदिरों में ज्योत जंवारा का आयोजन किया जा रहा है। नवरात्र की तैयारियां अंतिम चरण में है। इसी तरह क्षेत्र के गांवों तथा घर व शीतला मंदिरों में ग्राम नर्रा, परकोम, परसुली एवं खट्टी में 30 मार्च से 6 अप्रैल तक की जाएगी। इस अवधि में माता देवालयों व घरों में मनोकामना का ज्योत दीप प्रज्ज्वलित के साथ जंवारा स्थापित की जाएगी।

**समस्या : वन्यप्राणियों के प्यास बुझाने के लिए सूख चुके झरिया**

# उदंती नदी सूखी, आने वाले दिनों में पानी की होगी विकराल समस्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

गर्मी की दस्तक के साथ ही जल स्तर में तेजी से गिरावट व भूमिगत जल के अत्यधिक दोहन के चलते मार्च के महिने में ही जीवनदायी प्रमुख नदियां सूखने लगी है। जिले के भीतर उदंती अभ्यारण्य के बीचों बीच गुजरने वाली प्रमुख नदी का जल पूरी तरह सूख गई है और इसकी धार थम गई है कुछ स्थानों पर नाममात्र पानी बचा हुआ है यह वन्यप्राणियों के लिए काफी महत्वपूर्ण नदी के रूप में जाना जाता है क्योकि यह उदंती अभ्यारण्य जंगल के अंदर से गुजरने वाली प्रमुख नदी है जिसमें क्षेत्र के ग्रामीणों का जहां पीने व निस्तार की सुविधा मिलती है। वहीं यह वन्यप्राणियों के प्यास बुझाने के लिए प्रमुख नदी के रूप में जाना जाता है। उदंती नदी के सूखने के कारण आने वाले गर्मी के दिनो में जलसंकट की समस्या विकराल रूप ले सकती है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उदंती नदी काफी महत्वपूर्ण नदी माना जाता है और नदी के तट पर बसे दर्जनों ग्रामों के लोगों का पेयजल और निस्तारी का प्रमुख यही नदी है ग्रामीण अभी से इस नदी में जगह -जगह सूख चुके रेत में झरिया खोदकर पानी की व्यवस्था करते दिखाई दे रहे है तो वहीं वन विभाग द्वारा भी अप्रैल -मई में वन्यप्राणियों के प्यास बुझाने के लिए नदी में झरिया खोदाई करते है ताकि वन्यप्राणियों को पानी के लिए भटकना न पड़े।



**झरिया खोदकर पानी की करेंगे व्यवस्था**

वन परिक्षेत्र अधिकारी उदंती श्री सोनी ने बताया की इंसान हो या वन्यप्राणी जीवित रहने के लिए जल की आवश्यकता है। तेज गर्मी के कारण अभी से नदी की धार पतली हो गई है कुछ स्थानों पर नदी में पानी है लेकिन आने वाले गर्मी के दिनों में वन्यप्राणियों के प्यास बुझाने के लिए झरिया प्रमुख होता है। सुख चुके नदी में झरिया खोदकर पानी की व्यवस्था किया जायेगा।

# 4 नई शराब दुकान खोलने के विरोध में तहसीलदार को कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम

ब्लाक कमेटी नवापारा ग्रामीण द्वारा क्षेत्र के पिपरौद, कठिया, टीला, जौंदी में प्रस्तावित शराब दुकान खोलने के विरोध में कांग्रेस ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन देने वालों में चंद्रहास साहू उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर, डामन साहू उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर, गिरधारी साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण,अजय साहू सरपंच, रमेश साहू सरपंच, पप्पू ध्रुव पूर्व सरपंच, हौसलाल साहू पूर्व सरपंच, कुंती लखन साहू जनपद सदस्य, भूपेंद्र साहू पूर्व जनपद सदस्य, ताराचंद साहू, उमराव साहू, राजू साहू उपसरपंच, गोपाल साहू पूर्व सरपंच, गणपत साहू, चंद्रहास साहू, मोहन देवांगन, केशव साहू, इंदल साहू, राजेश साहू, संजय यादव, देवा साहू, बृजलाल साहू, दानी साहू, चैतन्य साहू, घनश्याम साहू, रामसेवक साहू, यशवंत साहू, डोमन साहू, कोमल साहू शामिल थे। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू, नवापारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष गिरधारी साहू ने कहा कि यदि 4 नई शराब दुकान पिपरौद, टीला ,जौन्दी ,कठिया जैसे शांति प्रिय गांव में खोला गया तो ग्रामीणों के साथ उग्र आंदोलन धरना प्रदर्शन करेंगे। कहा कि वर्तमान में सरकार द्वारा नई दुकान खोलने की अनुमति दी जा रही है जो पूरी तरह अनुचित है जिससे दुर्घटना ,अपराध, दुष्कर्म एवं छेड़कानी जैसे घटनाए बढ़ेगी। समाज एवं युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। एक ही विधानसभा क्षेत्र में 10 शराब दुकान खोलना गलत बात है।

# तीर्थ यात्रा योजना से एक भारत श्रेष्ठ भारत को बल मिलेगा : अशोक बजाज



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत तीर्थयात्रियों का जत्था गुरूवार को विशेष ट्रेन से रामेश्वरम, मदुरई एवं तिरुपति के लिए रवाना हुए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक बजाज ने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना पुनः प्रारंभ करने के लिए विष्णुदेव साय सरकार के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि सीनियर सिटीजन एवं निशक्तजनों के लिए यह योजना एक वरदान है। साथ ही साथ एक भारत श्रेष्ठ भारत की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुहिम को इस योजना से बल मिलेगा। इस पहले जत्थे में अभनपुर, नवापारा के अलावा क्षेत्र के विभिन्न गावों से सैकड़ो की तादात में तीर्थयात्री शामिल है जिसमें काफी संख्या में महिलाएं भी है सभी तीर्थ यात्री सीएम विष्णुदेव साय एवं भाजपा सरकार के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए प्रसन्नचित होकर गंतव्य की ओर प्रस्थान किए।

### नवापारा के 30 श्रद्धालु तीर्थयात्रा के लिए रवाना

**नवापारा-राजिम।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत तिरुपति, मदुरई और रामेश्वरम के लिए नवापारा से 30 श्रद्धाओं ने यात्रा प्रारंभ की। बृहस्पतिवार को नवापारा में नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा नगर पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने सभी श्रद्धालुओं को गुलाल लगाकर यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के लिए विधायक इंद्र कुमार साहू, नवापारा भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी-संजय साहू के अनुशंसा पर नवापारा के 30 यात्रियों के तिरुपति, मदुरई एवं रामेश्वरम तीर्थ यात्रा प्रारंभ हुई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी-संजय साहू ने कहा कि अब श्रद्धालुओं की यात्रा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत निरंतर यात्रा होती रहेगी। अब तक आर्थिक समस्याओं के कारण तीर्थ यात्रा से वंचित रह रहे लोगों को तीर्थ यात्रा दर्शन करवाने की जवाबदारी हमारी है। मोदी जी की एक और गारंटी पूरी हुई है। यात्रा के दौरान श्रद्धालु रामेश्वरम के पवित्र राम सेतु देख सकेंगे। ज्योतिलिंर्ग का दर्शन कर सकेंगे। मदुरई दर्शन, प्रसिद्ध मीनाक्षी मंदिर एवं तिरुपति बालाजी का दर्शन लाभ का प्राप्त करेंगे। दक्षिण भारत के तीर्थ स्थलों को देखने का यह बहुत ही सुंदर अवसर है। इस अवसर पर पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, वरिष्ठ भाजपा नेता परदेशी राम साहू, पार्षद गण सहदेव कंसारी , निर्मला धीरज साहू, रवि साहू, संजीव टिंकू सोनी ,एवं भाजपा के कार्यकताअरं ने भगवान के जयकारे लगाकर श्रद्धालुओं की यात्रा आरम्भ की।



# दुकान खुलने के विरोध में उतरे भगवती मानव कल्याण संगठन





हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोपरा

राज्य सरकार ने 67 नई शराब दुकान खोलने का निर्णय लिया है यह निर्णय बिलकुल अनुचित और निराधार है प्रदेश में इस समय जो शराब की भट्ठी संचालित हो रही है उसका निरिक्षण किया जाए तो पता लगेगा कि इस भट्ठी के कारण पूरा गांव अशांत रहता है। जहां शराब भट्ठी होती है वहां लड़ाई -झगड़ा, मारपीट व दुर्घटना होना आम बात है। इन सबके बाद भी अगर 67 नए स्थानों को इस आग में झोंका जाएगा तो यह बिलकुल अनुचित है। प्रदेश में आज कानून व्यवस्था बदहाल हो रही है महिलाओं का सम्मान तार-तार हो रहा है लड़ाई झगड़े हो रहे है इनके मूल कारण है नशा इसके विरोध में उतरकर एसडीएम राजिम को ज्ञापन सौपा है। वही भारतीय चेतना पार्टी के लोहरसी इकाई संगठन ने कहा की प्रदेश को खुशहाल बनाने के लिए नशा मुक्त छत्तीसगढ़ बनाना नितांत आवश्यक है तरीघाट मैं जो शराब भट्टी खुलने का निर्णय लिया गया है उसको बंद किया जाए साथ प्रदेश में नई 67 शराब दुकान खोलने का निर्णय लिया गया है उसको वापस लिया जाए। भगवती मानव कल्याण संगठन ने 25 साल से पूरे प्रदेश में नशा मुक्ति अभियान चला रहा है अब तक संगंठन के प्रयाशों से 5 लाख से अधिक लोगों को नशा मुक्त मांसाहार मुक्त कराकर चरित्रवान चेतनावान बनाया गया है। संगठन के कार्यकर्ता लगातार जनसागरण में लगे हुए है। जिन 67 नए स्थानों में नई शराब की भट्ठी खुल रही है वहां संगठन निरंतर जनजागरण करने में लगा हुआ है तहसील में जिन एक स्थानो में नई शराब की दुकान खुल रही है वहां भी संगठन का अभियान काफी प्रभावशील है पूरे तहसील में संगठन ने अब तक हजारों लोगों के जीवन में परिवर्तन लाया है अगर नई शराब की भट्ठी खोली जाएगी तो पूरे प्रदेश के लोग नशे में डुबकर अपना जीवन खोते चले जाएंगे। राजिम तहसील अंतर्गत ग्राम तरीघाट में सहित पूरे प्रदेश में खुलने वाली 67 शराब की नई दुकान पर तत्काल रोक लगाई जाए और प्रदेश को पूर्णतः नशा मुक्त किया जाए।

# दो प्रधान पाठक मुख्यमंत्री अलंकरण से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद



जिले में आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षा अलंकरण सम्मान समारोह में विकास खंड फिंगेश्वर के दो वरिष्ठ प्रधान पाठकों को सम्मानित किया गया। प्रधान पाठक नंद कुमार सिन्हा को उत्कृष्ट प्रधान पाठक के रूप में और खेलन राम साहू को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए शिक्षा दूत सम्मान से नवाजा गया। सम्मान समारोह में राजिम विधायक रोहित साहू और जिलाधीश दीपक अग्रवाल ने उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारी, गणमान्य नागरिक और शिक्षक उपस्थित रहे। विकास खंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार साहू, संकुल प्राचार्य बरोंडा एवं किरवा, श्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा, राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक भालचंद्र चतुर्वेदी, शिक्षक संघ के यशवंत कुमार साहू, भुवन यादव, संजय सिन्हा, प्रभात यादव, डोमार सिन्हा, प्रात अध्यक्ष संजय तिवारी, सिन्हा समाज के जिला अध्यक्ष अवध सिन्हा, जिला पंचायत के पूर्व सदस्य चंद्रशेखर साहू, शाला विकास समिति सिंघौरी के अध्यक्ष सोहन वर्मा, सरपंच साहू जी और स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने दोनों प्रधान पाठकों को बधाई दी। शिक्षा विभाग और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उनके इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे प्रेरणादायक बताया।

# लुप्ताजंलि गोस्वामी का नवोदय में चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोपरा





ग्राम भेंडरी लोहरसी के शासकीय प्राथमिक शाला से लुप्ताजंलि गोस्वामी पुत्री सोनू -वेदलता गोस्वामी का चयन नवोदय विद्यालय पाण्डुका में छठवीं में प्रवेश के लिए हुआ है जो बहुत होनहार एवं मेधावी छात्रा है उनके इस चयन से विद्यालय परिवार एवं संकूल केंद्र लोहरसीएवं ग्राम भेंडरी में हर्ष का माहौल है। शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी चाहे एकलव्य आवासी विद्यालय हो या जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में लगातार विद्यार्थियों के चयन की उपलब्धि दर्ज कर रही है। शिक्षा सत्र के प्रारंभ के साथ ही एक कालखंड नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के लिए निर्धारित कर प्रति दिन बच्चों को अभ्यास करवाया गया एवं अन्य स्थान से विषय विशेषज्ञ को आमंत्रित कर बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान कर प्रेरित किया गया। नए शिक्षा सत्र में भी प्रारंभ से नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के तैयारी के लिए कोचिंग की सुविधा बच्चों को उपलब्ध करवाया जाएगा। इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र जोशी बीआरसीसी सुभाष शर्मा, सकुंल प्राचार्य के एल कंवर, संकुल समन्वयक दुलेश्वर सिन्हा, सरपंच तुलेश्वरी साहू, उपसरपंच ऐलू राम साहू, पूर्व सरपंच मोहन लाल साहू, भूषण साहू उपस्थित थे।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र गरियाबंद
जिला के अन्तर्गत सुरसाबांधा
में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में
लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.), मो.: 8370049468

# सरकारी संपत्तियां असुरक्षित, हाइवे किनारे लोहे की ग्रील हो रही गायब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर



मैनपुर क्षेत्र में इन दिनों कई स्थानों पर सरकारी संपत्तियां असुरक्षित नजर आ रहे हैं। मैनपुर देवभोग नेशनल हाइवे मार्ग के किनारे से लोहे की पट्टियां और बोर्ड गायब हो रहे है जिससे ऐसा लग रहा है कि लोहा चोर गिरोह सक्रिय है जो लगातार सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। फुलझर मोड़ से लेकर धुरवागुड़ी तक सड़क किनारे लगाए गए बोर्ड के दर्जनों लोहे के चादर गायब हो गए हैं जिसमें कई संकेत दर्शाए गए थे ताकि लोग यातायात नियमों का पालन कर सके तो वहीं पुल पुलिया पर लगे लोहे की राड़ डिवाईडर पाइप भी गायब हो रहे हैं कई लोगों ने बताया की गांवों में 3-4 वर्ष पहले निर्माण किए गए गौठानों से भी चारों तरफ तार के घेरा कई जगह गायब हो गया है साथ ही अन्य लोहे के समान लगातार गायब हो रहे है। इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 12 मई,16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport